




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 338 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 26 सितम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया





**पुष्पांजलि**

पत्रकार राजपाल सिंह परिहार, भगवान सिंह परिहार एवं बृजपाल सिंह परिहार के दाता होकम

ठाकुर साहब

**श्री शंकर सिंह जी परिहार**

ठिकाना कचनारा का स्वर्गवास दिनांक 24/09/24 को हो गया है। जिनका पुष्पांजलि का कार्यक्रम दिनांक 26/09/24 गुरुवार को सुबह 11 बजे निज निवास ठिकाना कचनारा रावले (कचनारा नाहरगढ़) में रखा गया है।

*** शोकाकुल ***

परिहार परिवार (कचनारा नाहरगढ़)


### बिना कप्तान के काम कर रही कृषि विभाग की टीम...

# किसान तक कैसे पहुंचे योजनाएं..जानकारी..?

## स्टॉफ की कमी से जूझ रहा विभाग, पचास प्रतिशत से ज्यादा पद खाली

**मंदसौर, 25 सितंगर गुरु एक्सप्रेस।** कृषि विभाग का काम है जिले के किसानों तक पहुंचकर उन्हें खेती संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी दे। साथ ही खेती और उपज के अलावा खाद बीज के उपयोग के बारे में भी समझाईश दे। लेकिन, विभाग किसानों तक पहुंच ही नहीं पा रहा। इसका कारण है स्टॉफ की कमी। स्थिति यह है कि कप्तान मतलब कृषि विभाग का उपसंचालक का पद ही रिक्त है। बिना उच्चाधिकारी के विभाग की टीम जैसे-तैसे काम कर रही है। न कार्यालय में अधिकारी है और न ही फिल्ड में पर्याप्त कर्मचारी। कृषि विभाग के जिले में 18 में से 11 पद तो ऐसे है, जो पूरी तरह रिक्त पड़े है। इन पदों पर एक भी कर्मचारी नहीं है। इनमें से विभाग का अहम उपसंचालक का पद ही रिक्त है।

बता दें कि जनवरी माह में कृषि उपसंचालक की सेवानिवृत्ति के बाद पिछले 6 माह से पद खाली पड़ा है। इसके अलावा दो सहायक सांख्यिकी अधिकारी, एक ड्राफ्टमेन, 21 कृषि विकास अधिकारी, 16 सर्वेयर, 1 अनुरेखक, तीन वाहन चालक, एक मुख्य लिपीक, दो लेखापाल, एक शीघ्र लेखक, दो चौकीदार के पद भी रिक्त है। इसमें से कृषि विस्तार अधिकारी से लेकर सर्वेयर, वाहन चालक व चौकीदार जैसे पद पर भी कोई कर्मचारी नहीं है। 18 में से 11 ऐसे पद है जिन पर एक भी कर्मचारी नहीं है। तो वहीं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जिसे गांवों में ग्रामसेवक के रूप में पहचाना जाता है और सरकार की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने का अहम कड़ी है। उसी पद पर 60 कर्मचारी नहीं है। 134 ग्रामसेवक के पद जिले में मंजूर है। लेकिन, 74 ही काम कर रहे हैं और 60 पद रिक्त पड़े हैं। इसी तरह वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी के 9 स्वीकृत पदों में से 6 खाली पड़े है। इस तरह 50 प्रतिशत से अधिक पद जिले में रिक्त पड़े हुए है।



### योजनाओं की जानकारी नहीं पहुंच पा रही...

जिले में दो लाख 35 हजार से अधिक किसान ऐसे हैं जो रबी व खरीफ सीजन में बोवनी करते हैं। शासन एक ओर मोटे अनाज से लेकर प्राकृतिक व जैविक खेती को प्रोत्साहन देने के साथ परंपरागत खेती को छोड़ खेती के नए तरीके अपनाने के लिए भी योजनाएं लागू करने से लेकर किसानों को प्रोत्साहित कर रहा है। लेकिन, जिले में अधिकारी-कर्मचारियों के रिक्त पड़े पदों के कारण किसानों तक अमला पहुंच ही नहीं पा रहा है। अमले की कमी के कारण कई बार किसानों तक समय पर सूचना व योजनाओं की जानकारी तक नहीं पहुंच पा रही है। जो कर्मचारी काम कर रहे है, उन पर भी अतिरिक्त कार्य का बोझ बढ़ता जा रहा है। ऐसे में वह भी किसानों तक शासन व विभाग की बात नहीं पहुंचा पा रहे है। इसी कारण किसान भी परेशान हो रहे हैं।

### स्वीकृत पद 244, काम कर रहे 102...

जिला मुख्यालय से लेकर सभी विकासखंड में कृषि विभाग के अमले में 244 पद स्वीकृत है। इसमें से 102 पद पर ही कर्मचारी काम कर रहे हैं और 142 पद रिक्त पड़े हैं। इनकी रिपोर्ट शासन स्तर तक पहुंची है। लेकिन, मैदानी अमला तो ठीक जिला मुख्यालय पर मुख्य अधिकारी ही 6 माह से नहीं है। सीमिति अमले और अफसर के बिना ही विभागीय अमले का संचालन हो रहा है।



# गरमी से फिलहाल राहत नहीं मिलेगी

मंदसौर, 25 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। सितंबर के आखिरी सप्ताह में भी गर्मी और उमस मई-जून का अहसास करा रही है। इन दिनों तपिश का भी सामना करना पड़ रहा है। बारिश का दौर थमने के बाद पिछले पांच दिनों से शहरवासी गर्मी और उमस से बेहाल है। तेज धूप और उपज रही उसम इन दिनों लोगों के पसीने छुड़ा रही है। आने वाले दिनों में भी ज्यादा राहत के आसार नहीं है।

अगले दो तीन दिन हल्के बादल छाए रहेंगे। गरज चमक के साथ बौछारे पड़ सकती है, लेकिन उमस से बहुत ज्यादा राहत के आसार फिलहाल नहीं है। जिले में पिछले 15 दिनों से कुछ स्थानों पर छुटपुट करीब एक इंच से भी कम बारिश हुई। इस दौरान कभी छांव तो कभी तेज धूप वाला मौसम रहा। इसके कारण तापमान में उछाल आया है। जिले का अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

मौसम जानकारो का कहना है कि प्रदेश में लो प्रेशर एरिया के असर से अगले तीन दिन बारिश का दौर बना रहेगा। आज प्रदेश के 32 जिलों मे तेज बारिश का अलर्ट है। हालाकि मंदसौर जिले में बारिश का अनुमान नही है। कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। बुधवार सुबह तक जिले में 33.59 इंच (850 मिमि) औसत बारिश दर्ज की गई है। इधर चम्बल नदी पर बने गांधी सागर बांध का जलस्तर 1310.69 फीट पहुंच गया है।

### फिर बाहर निकल आए कूलर, शुरु हो गए एसी...

शहर में इन दिनों गर्मी और उमस इतनी अधिक हो रही है कि लोगों को फिर से कूलर बाहर निकालने पड़ रहे हैं। वहीं कई दिनो से रात्रि के समय बंद कर दिए गए एसी भी अब फिर से चालू हो गए है। अंचल में मंगलवार को अधिकतम तापमान 34.4 और न्यूनतम 24.8 डिग्री था।

### इनका कहना...

मौसम विशेषज्ञ जीडी मिश्रा का कहना है कि विंड पैटर्न सेट होने तक इसी तरह की स्थिति रहेगी। जब तक मानसून की विदाई नहीं होती है और पूरी तरह विंड पैटर्न उत्तर पश्चिमी नहीं हो जाता है, तब तक इसी तरह उमस की स्थिति रहेगी। अभी नमी अधिक है और धूप खिल रही है। ऐसे में सूर्य की किरणें जब जमीन पर पड़ती है तो नमी ऊपर आती है, इसके कारण उमस बनी रहती है। मानसून की विदाई के बाद पूरी तरह से हवा का रुख उत्तरी पश्चिमी हो जाएगा, उसके बाद ठंडक बढ़ेगी।



# चंबल नदी में रासायनिक प्रदूषण से संकट में ग्रामीण

## कई गांवों में पानी की बदबू से मची हलचल

**मंदसौर, 25 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** चंबल नदी पर स्थित एशिया की सबसे बड़ी मानव निर्मित झील, गांधी सागर डेम, के आसपास के क्षेत्रों में पानी की गुणवत्ता को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। गरोठ-भानपुरा क्षेत्र के कई गांवों में हाल ही में चंबल नदी के बैक वाटर के संपर्क में आने से पानी में रासायनिक प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। इससे पानी में भयंकर बदबू फैल गई है, जिसके कारण ग्रामीणों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर परिषद गरोठ द्वारा भानपुरा में कराई गई जल की जांच में पानी में नाइट्रेट की अत्यधिक मात्रा पाई गई है। ग्रामीणों का मानना है कि नागदा में स्थित बिरला फैक्ट्री से चंबल नदी में वेस्ट केमिकल छोड़ा जा रहा है, जो मंदसौर जिले के भानपुरा क्षेत्र के चंबल कैचमेंट में एकत्रित हो रहा है। इस कारण अनेक गांवों में पानी दूषित हो गया है और लोगों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गरोठ नगर परिषद ने अपने क्षेत्र में नलों से सप्लाई होने वाले चंबल के पानी को बंद कर दिया है। प्रभावित क्षेत्रों में जल संकट गहरा सकता है। जिससे प्रशासन पर दबाव बढ़ गया है कि वह इस समस्या का शीघ्र समाधान निकालें और ग्रामीणों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराएं।

### यह है प्रभावित क्षेत्र...

चंबल नदी के इस प्रदूषण से सबसे अधिक प्रभावित होने वाले गांव ढलमु मगरा, गारिया खेड़ी, साठिया, चोटकिया, आकली, रुपरा, देथली बुजुर्ग, ढाबला मोहन, रामनगर हैं। यहां के निवासियों का कहना है कि पानी की बदबू से जीवन यापन मुश्किल हो गया है। यहां आमजन पानी के लिए तरसने लगे हैं। प्रशासन से मांग की जा रही है कि वह जल्द से जल्द इस मामले में हस्तक्षेप करे और दोषी औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

### गुरु एक्सप्रेस ने पहले ही चेताया था...

# एटीएम से रूपए निकालने गए बुजुर्ग के साथ फ्राड

## धोखाधड़ी कर दो बार 10-10 हजार रूपए निकाले, बदनामी के डर से पीड़ित ने नहींलिखाई रिपोर्ट

**मंदसौर, 25 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। गुरु एक्सप्रेस द्वारा एटीएम की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए बैंक प्रबंधन और पुलिस प्रशासन दोनो को आगाह किया था। क्योंकि, वर्तमान में सभी एटीएम में न तो कैमरे काम कर रहे है और ना ही एसी। मजे की बात यह है कि एटीएम पर दिन में गार्ड भी तैनात ही नहीं रहता है।**

बता दें कि ऑनलाइन फ्राड के बार में हम काफ़ी कुछ सुन चुके है। लेकिन, ठग गिरोह अब एटीएम मशीनों के पास भी मंडरा रहे है। विगत दिवस एक बुजुर्ग व्यक्ति के साथ मित्र वत्सला काम्प्लेक्स में लगी एटीएम मशीन के यहां धोखाधड़ी हों गई। बुजुर्ग व्यक्ति में एटीएम मशीन से पैसा विड्रॉ किया। ज़ब बुजुर्ग पैसा विड्रा कर रहे थे तभी एक शख्स उनके पीछे खड़ा था, उसने बुजुर्ग के एटीएम का पास वर्ड देख लिया था। जब एटीएम से पैसा निकाल कर बुजुर्ग सीढ़ियों से नीचे उतरे, तभी ठगोरे ने आवाज लगाई और कहा की आपका एटीएम चालू रह गया है, इसे बंद करो। कोई इसका उपयोग कर लेगा। यह सुन बुजुर्ग हड़बड़ाहट में वापस एटीएम मशीन बूथ पर जाते है और उसी शख्स से कहते है की मुझे बंद करना नहीं आता कैसे होगा बंद, तभी वह एटीएम ले लेता है और मशीन में कुछ प्रोसेस करके बुजुर्ग क़ो कह देता है की बंद हों गया। और उसके पास पहले से मौजूद दूसरा एटीएम कार्ड बुजुर्ग क़ो थमा देता है। बुजुर्ग भी बिना देखे एटीएम जेब में रखकर चले जाते है। वह यह भी नहीं देखते है की एटीएम उनका है या नहीं? कुछ देर बाद उनके फोन पर 10 हजार रूपये अकाउंट से निकलने का मेसेज आता है तो उन्हें लगता है कुछ गड़बड़ हुई है। थोड़ी देर बाद फिर 10 हजार रूपए कटने का मेसेज आता है तो वे तुरंत बैंक जाते है। वहां एटीएम देखते है तो उन्हें पता चलता है की उन्हें किसी और का एटीएम देकर वह ठग वहां से उन्हें भेज देता है और उनके एटीएम से पैसा निकाल लेता है। बैंक जाकर पीड़ित बुजुर्ग अपना एटीएम ब्लॉक करवाता है।

अब यह पैसा वापस आएगा की नहीं, यह कहा नहीं जा सकता। लेकिन, इन दिनो सायबर फ्राड बहुत ज्यादा हो रहे है। इसलिए सावधानी रखना बहुत जरूरी है। एटीएम से पैसा निकालकर एटीएम की सारी प्रोसेस होने तक वह रुके रहे। अंत में स्क्रीन पर से सारी प्रोसेस ख़त्म होने की जानकारी आ जाये, तब वहा से निकले। इसमें बैंको की बड़ी लापरवाही है कि वह ग्राहकों से एटीएम का शुल्क तो लेती है। लेकिन एटीएम मशीन के बाहर सुरक्षा गार्ड नहीं रखती। जिसके, कारण इस प्रकार की घटना होती है। बैंक पैसा बचाने के चक्कर में ग्राहकों क़ो दुविधा में डाल रही है।


मामला नीमच में हुई बैंक लूट की घटना के बाद का...

एटीएम की सुरक्षा भी भगवान भरोसे..!

न गार्ड, न दरवाजे पर लॉक, कैमरे और एसी भी है बंद

दैनिक गुरु एक्सप्रेस में 23 सितम्बर के अंक में प्रकाशित समाचार...

# घर में लगा नाबालिग को करंट, मौत

**मनासा, 25 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। मालखेड़ा गांव में बुधवार को एक 16 वर्षीय किशोर की करंट लगने से मौत हो गई। जिस वक्त घटना हुई, उस समय किशोर घर में अकेला था। घटना की जानकारी लगने के बाद परिजन उसे तत्काल लेकर बड़े अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।**

नीमच बड़े अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक मालखेड़ा निवासी सुनील पिता दूलेसिंह बंजारा उम्र करीब 16 साल अपने घर पर अकेला था। इस दौरान वह लोहे के दरवाजे में फैले करंट की चपेट में आ गया। घटना के समय परिजन खेत पर थे। जब वह किसी काम से घर पर पहुंचे तब उन्हें इस घटना की जानकारी मिली। इसके बाद परिजन और पड़ोसी उसे लेकर तत्काल नीमच के बड़े अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर को मृत घोषित करने के बाद परिजन विलाप करने लगे, जिसके चलते हॉस्पिटल के बाहर लोगों की भारी लग गई। इसी दौरान परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# मंदसौर का युवक इंदौर में एमडी के साथ धराया, जांच जारी

**मंदसौर, 25 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर के एक नवयुवक को पुलिस ने एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा है। इंदौर में लगातार अवैध मादक पदार्थ खरीदने और बेचने वालों की धरपकड़ की जा रही है। ऐसे में नशे के सौदागरों पर नकेल कसने के लिए विजयनगर डीसीपी द्वारा एक स्पेशल टीम गठित की गई थी। इसी बीच विजय नगर थाने के जवानों को सूचना मिली कि एक ऑडी कार से देररात तक कुछ युवक घूमते हैं और रईसजादों व छात्रों को एमडी ड्रग्स की डिलीवरी कर रात में ही गायब हो जाते हैं। रईसजादे ड्रग्स सप्लाई के लिए इसलिए ऑडी कार का उपयोग करते थे, ताकि किसी को शक न हो। इस पर विजयनगर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास 13 ग्राम एमडी ड्रग्स भी बरामद की गई है। डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा के अनुसार आरोपी का नाम अरिहंत जैन पिता नवीन जैन उम्र 22 वर्ष निवासी मंदसौर है, जो कि इंदौर में कई दिनों से रह रहा है। उसने अपने दोस्त की ऑडी कार ले रखी थी, जिससे वह एमडी ड्रग्स की विजय नगर इलाके सहित महालक्ष्मी समेत अन्य इलाकों में सप्लाई करता था। आरोपी के पास से एमडी ड्रग्स बरामद होने के बाद पुलिस द्वारा उसके अन्य साथी योगेश भाई निवासी दलौदा की तलाश की जा रही है। वहीं मंदसौर और निम्बाहेड़ा की एक लिंक मिली। जिसके आधार पर सोनू दादा भाई नामक व्यक्ति की भी तलाश की जा रही है। पुलिस द्वारा गाड़ी मालिक की भी तलाश कर उससे भी अन्य जानकारी जुटाएगी। ड्रग्स पैडलर विजयनगर थाने के खुफिया विभाग के जवान निलेश मल्होत्रा, कुलदीप और उसके अन्य साथी प्रवीण द्वारा लगातार इलाके में रैकी कर ड्रग्स पैडलरों को पकड़ने का जाल बिछाया था, जिसके चलते बीकॉम का यह छात्र एमडी ड्रग्स की डिलीवरी देते वक्त रंगेहाथ पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ कर जानकारी जुटाई जा रही है कि शहर में अब तक उसने किन-किन लोगों को एमडी ड्रग्स सप्लाई किया। इसी कड़ी के आधार पर कई पैडलर और स्मगलरों का खुलासा किया जाएगा।

### ऐट लेन : ट्रक की टक्कर से कार सवार तीन जन घायल

**शामगढ़, 25 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेस वे पर हुए हादसे में तीन जन घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार मेलखेड़ा के पास एक्सप्रेस वे पर एक ट्रक ने ईको कार को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे कार सवार तीन जन घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। घायल गुजरात के वडोदरा निवासी बताए जा रहे हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मंदसौर के बड़े अस्पताल भेजा गया।

## गौरव लाड़ कोतवाली, कई आरक्षकों को मिले थाने

**मंदसौर, 25 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद ने एक सब इंस्पेक्टर और कुछ आरक्षकों का स्थानांतरण किया है।**

इस आदेश में उप निरीक्षक गौरव लाड़ को पुलिस लाईन से कोतवाली थाने पर पदस्थ किया गया है। इसी तरह से आरक्षकों में कुलदीप मालवीय को पुलिसलाईन से कोतवाली, नागेश्वर पाटीदार को भावगढ़ से पुलिस लाईन, अनिल पाटीदार को भावगढ़ से पुलिस लाईन, रितेश जैन को पुलिस लाईन से भावगढ़, नीरज मेघवाल को पुलिस लाईन से भावगढ़, धर्मेद्रसिंह को पुलिस लाईन से भावगढ और भूपेंद्र पाटीदार को पुलिस लाईन से भावगढ़ थाने पर पदस्थ किया गया है।

# भावगढ़ में तनाव, पुलिस कप्तान पहुंचे

**मंदसौर, 25 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। जिले के भावगढ़ थाना क्षेत्र के भावगढ़ कस्बे में बुधवार देर शाम दो पक्षो में विवाद हो गया। जिसमे कई लोगो के चोटिल होने की खबर हैं।**

मिली जानकारी के अनुसार भावगढ़ के तीन युवक अपने काम से राजस्थान जा रहे थे। जहां कुछ लोगो ने उनके साथ मारपीट की। जिसकी जानकारी भावगढ़ में पीड़ितों ने दी। इससे आक्रोशित लोगो ने भावगढ़ में स्थित एक पक्ष के लोगो को ढूंढना शुरु किया। लेकिन, तब तक सभी लोग भाग निकले थे। किन्तु आक्रोशित लोगो ने हमलावर परिवारों के घरों पर अटैक शुरु कर दिया। इसकी आशंका को भांपते हुए भावगढ़ के ग्रामीण वहां से निकल गए। बता दें की भावगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक रानी बेग को पहले ही इस तरह के मामले की आशंका को देखते हुए जानकारी दें दी गई थी। उन्हें स्पष्ट बताया गया था की यदि देवलजी, नौगांवा सहित अन्य गांव के लोगो की भावगढ़ में बैठक नहीं रोकी गई तो स्थिति विकट हो सकती हैं। लेकिन, थाना प्रभारी द्वारा इस स्थिति को गंभीरता से नहीं लिया गया। यही कारण हैं की क्षेत्र में स्थिति गंभीर हुई। यदि समय रहते कार्यवाही होती तो शायद ऐसी विकट स्थिति नहीं बनती। अब ग्रामीणों की मांग हैं की थाना प्रभारी को यहां से हटाया जाये।

# अब प्रसाद में भी मिलावट, पहले मसाले ने विश्व में मान घटाया...?

**मंदसौर, 25 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री तिरुपति बालाजी अर्थात वैंकट स्वामी मंदिर के प्रसाद में जिस प्रकार की मिलावट उजागर हुई है। वह सनातनियों की आस्था, कार्यप्रणाली और नियत पर गंभीर प्रश्न उठा रही है। दुनिया भर के धर्म को मानने वाले उनके अनुयायियों में ऐसी घटना पर कड़ी निंदनीय प्रतिक्रिया व्यापक होकर हमारे धर्म के प्रति नकारात्मक चर्चाओं को जन्म देकर सार्वजनिक हानि पहुंचाते हैं। पहले से ही नाराज पंथ संप्रदाय के प्रचारक तो इसे प्रमाण की तरह उपयोग कर नुक्कड़ चर्चाओं से मानव समाज को विचलित कर देते हैं। जिस समाज और धर्म से संबंधित है, उसे और अधिक विचलित कर देते हैं। तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावट के कारण भी कुछ ऐसा ही वातावरण बनाया जा रहा है। राजनीतिक दल इसे अपने फायदे के लिए अपने-अपने हिसाब से ताना-बना बुन रहा रहे हैं तो धार्मिक आस्था वाले अपने नफा-नुकसान के हिसाब से। धर्म और राजनीति को अलग कर देखें तो सबसे ज्यादा नुकसान ऐसी घटनाओं से देश के नागरिकों के स्वास्थ्य को भुगतना पड़ रहा है। जिसके प्रति अभी तक ना देश की सरकार सतर्क है ना सामाजिक संस्थाएं और ना ही नागरिक जागरुक है।


चन्द्रमोहन भगत

भारतीय मसालों में एथिलिन आक्साइड जैसे घातक केमिकल की कथित मिलावट को भारतीय प्रयोगशालाओं ने कभी चिंताजनक माना ही नहीं। वही मसाले आज भी आमजन के साथ स्वास्थ्य को बिगाड़ने का काम बदस्तूर जारी रखें है। जबकि, विदेशी राष्ट्रों की आपत्ति के बाद उनके देश में कड़े नियमों के कारण प्रतिबंधित कर दिया गया है। तिरुपति बालाजी के प्रसाद मे मिलावट का अलग मामला है पर दोनों ही मामले में एक गंभीर सवाल तो उठ ही रहा है कि भारत सरकार के साथ राज्य की सरकारें भी अपने नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति चुटकी भर भी सचेत नहीं है..? यह भी सवाल उठते हैं कि ऐसी घटनाएं सार्वजनिक हो जाने के बाद ही सरकार सचेत क्यों होती है ? यह भी की सार्वजनिक होने के बाद फिर जांच कमेटी, मानक अमानत होने की खानापूर्ति करती है ! क्योंकि सरकारों के खाद्य एवं प्रसंस्करण औषधि विभाग के इस संबंध में मानक पहले से बने हुए हैं। इसके बावजूद इतनी बड़ी घटनाएं कैसे सार्वजनिक और धार्मिक स्तर पर घट जाती है !

यह प्रमाणित करता है कि सरकार अपने नागरिकों के स्वास्थ्य का ख्याल रखने वाले विभाग ही देशवासियों को मिलावटी सामग्री वाले खाद्य पदार्थ खाने को मजबूर कर रहे हैं। देश भर में ऐसे अनेक उत्पाद हैं जो हर बार परीक्षण में अमानक घोषित किए जाने के बाद भी बाजार में बिक रहे हैं। यह उल्लेख भी आवश्यक है कि ऐसे फर्जी उत्पादों के अमानक या मिलावटी घोषित करने में भी देश के नागरिक उपभोक्ता की मेहनत रहती है। जो मामला उपभोक्ता फोरम तक ले जाकर विभाग को और जिम्मेदारों को नियम बताने में अपना समय खराब करता है।

बानगी देखिए आईटीसी फूड लिमिटेड कंपनी प्रतिदिन अपने दर्जन भर से अधिक बेकरी प्रोडक्ट को लाखों पैकेट बिस्कुट व अन्य उत्पाद देश भर में बेचती है, इस कंपनी को अपने पैकेट में 16 की जगह 15 बिस्किट मिलने पर उपभोक्ता दिली बाबू को एक लाख देना पड़े थे। इसी तरह ब्रिटानिया को दो अलग-अलग फरवरी 2018 और मई 2024 के प्रकरण में कम वजन पैकेट के कारण 25 और 60 हजार रूपए देने का जुर्माना हुआ था। ऐसे ही केरल में एक भोजनालय को सिर्फ एक रुपए का अचार पैकेट में नहीं रखने पर 35 हजार रुपए का जुर्माना फोरम ने किया था।

यह तथ्य परख उदाहरण इसलिए कि इन मिलावटी या कम वजन वाले विक्रित पदार्थ पर उपभोक्ता ने संज्ञान लेकर समय निकालकर लड़ाई लड़ी। तब यह निर्णय सार्वजनिक हो पाए हैं। इसके उलट जिन शासकीय विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को इसी कर्तव्य का वेतन मिलता है कि नागरिको के स्वास्थ्य के साथ कोई खिलवाड़ ना कर सके। इस काम के लिए इन्हें लाखों रुपए वेतन भी मिलता है। इसीलिए यह गंभीर विषय है कि बावजूद इसके मसाले, खाद्य पदार्थ और खाद्य तेलों में केमिकल जैसी नुकसान दायक मिलावट वाली सामग्रियां बाजार में सहज उपलब्ध है। ऐसे ही विभागों की लापरवाही के चलते समाज और देश की साख को बदनाम करने वाली प्रसाद और मसाले में मिलावट की घटनाएं आम होते जा रही है। देश का उपभोक्ता जागरूक होता जा रहा है पर सवाल वही है कि सरकार की एजेंसियां कब होगी?

# गुंदेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट व टीम अंकित माहेश्वरी ने किया झांकियों, अखाड़ों और स्वागत मंचों का सम्मान

## विधायक जैन ने गुंदेश्वर व्यायाम शाला में हॉल निर्माण हेतु 2 लाख 11 हजार रू. देने की घोषणा की



**मंदसौर, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** शहर में अनंत चतुर्दशी की रात्रि निकला चल समारोह मानो जैसे एक माला में पिरो गया हो। अनंत चतुर्दशी की रात जो अखाड़ों और झांकियों का कारवां बारी-बारी चल रहा था और इनके स्वागत के लिए जगह-जगह मंच लगे थे उनके संचालक व आयोजक सब श्री गुंदेश्वर महादेव मंदिर राम मोहल्ले में एक साथ एकत्रित हुए। अवसर था श्री गुंदेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट एवं टीम अंकित माहेश्वरी द्वारा इन सभी के सम्मान समारोह का। इस दौरान न सिर्फ जनप्रतिनिधियों बल्कि संत समाज के भी आशीर्वचन प्राप्त हुए।

यह जानकारी देते हुए श्री गुंदेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी व ट्रस्टी अंकित माहेश्वरी ने बताया कि समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक विपिन जैन, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, घुम्मकड एवं अर्द्ध घुम्मकड जाति, जनजाति के लिए कार्यरत रविप्रतापसिंह बुंदेला, जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष ब्रजेश जोशी, केंद्रीय गणेशोत्सव समिति अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक विजय सुराणा, पीजी कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेश चंदवानी, सांसद प्रतिनिधि गौरव अग्रवाल, कमर्शियल बैंक अध्यक्ष विनय दुबेला, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, विहिप जिला महामंत्री हेमंत बुलचंदानी, युवा प्रेस क्लब अध्यक्ष महावीर जैन ने सम्बोधित किया। संत समाज की ओर से चैतन्य आश्रम मेनपुरिया के प्रमुख गुरुदेव स्वामी महेश चैतन्य मणिजी महाराज आदि ठाणा 2, भगवत प्रवक्ताद्वय पं. विष्णुप्रसादजी शर्मा (रठाना वाले), पंडित दशरथ भाईजी महाराज के आशीर्वचन प्राप्त हुए। इस अवसर पर विधायक श्री विपिन जैन ने गुंदेश्वर व्यायामशाला में हॉल निर्माण हेतु 2 लाख 11 हजार रू. देने की घोषणा की जिसका सभी ने स्वागत किया। मौजूद अतिथियों ने श्री कृष्ण व्यायाम शाला, कल्याण गुरु व्यायाम शाला गोंदी घाट, महादेव घाट व्यायाम शाला, कल्याण गुरु व्यायाम शाला बादरी फार्म, कल्याणेश्वर महादेव व्यायाम शाला अयोध्या बस्ती, बालाजी व्यायाम शाला गुप्तानन्द आश्रम बडी पुल, हीरा की बगीची व्यायाम शाला, महादेव व्यायाम शाला, माँ काली व्यायामशाला बादलपुरा के उस्तादों व समिति का शील्ड प्रदान कर एवं शॉल ओढाकर सम्मान किया। इसी तरह जिन मंचों ने स्वागत किया उनमें गुंदेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट एवं व्यायाम शाला, त्रिनेत्र उत्सव समिति, संस्था युवधर्म, प्रजापत समाज, सनातन धर्म प्रेमी, एसओएस ग्रुप, जिला कांग्रेस कमेटी, जय माता दी ग्रुप, बजरंग सेना के पदाधिकारियों का शील्ड प्रदान कर एवं शॉल ओढाकर सम्मान किया। झिलमिलाती झांकियों में शामिल श्री द्विमुखी चिंताहरण गणपति मंदिर गणपति चौक, श्री राम गणेशोत्सव समिति रामटेकरी, राधाकृष्ण ग्रुप, नवयुवक गणेशोत्सव समिति मुल्तानपूरा, देहली गेट मित्र मंडल, सिकलीगर समाज, भैरवनाथ नवयुवक मंडल नयापुरा रोड, श्री कृष्ण गणेशोत्सव समिति नयापुरा रोड, विश्वपति शिवालय गांधी चौराहा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, सकल वाल्मीकि समाज नपा, माली समाज के संचालकों का शील्ड प्रदान कर एवं शॉल ओढाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में नगरपालिका से सुविधाएं उपलब्ध कराने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने पर वार्ड क्र. 20 के पार्षद प्रतिनिधि अनूप माहेश्वरी का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। श्री गुंदेश्वर महादेव व्यायामशाला में समय-समय पर आर्थिक सहयोग करने पर श्री नागेश्वर सोनी नीलम मसाला व कपिल भण्डारी व दिलीप गर्ग को भी शाल श्रीफल से सम्मानित किया। इस दौरान श्री गुण्देश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी, ट्रस्टीगण अंकित माहेश्वरी, ललित एम पटेल, श्याम पांडे, रवि चौधरी, नकुल माहेश्वरी, अर्पित मकवाना, सदस्य अरविंद कागला, प अरुण शर्मा, विजय शर्मा पोपट, नंदकिशोर माहेश्वरी, दिलीप मकवाना, पत्रकार चित्रेश सोनी, मिश्रीलाल रियार, बंटी शर्मा, हरीश टेलर, अनिल शिंदे, गौरव चौधरी, गौरव शर्मा, सुखदेव गंगवाल, अक्षय गेहलोद, लाला भाई सुथार, आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। यहां मौजूद गौरव अग्रवाल एवं विनय दुबेला का विशिष्ट रूप से साफा पहनाकर व शॉल ओढाकर सम्मान किया गया। लंबे समय से शहर में पर्यावरण एवं शिवना नदी के हित मे कार्य करने हेतु समाजसेवी मनीष भावसार को भी साफा पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में हलवाई के रूप में सेवा दे रहे भागीरथ प्रजापति विद्युत सेवा दे रहे शुभम लक्षकार का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन गुंदेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्टी पत्रकार ललित एम पटेल ने किया। आभार ट्रस्टी अंकित माहेश्वरी ने माना। इसके पश्चात ढोल की थाप पर श्री गुंदेश्वर बालाजी की महाआरती की गई। अंत में सहभोज आयोजित किया गया।



# व्यक्ति की खुशहाली से ही देश की खुशहाली का आंकलन किया जा सकता-कियावत

## मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद ने किया संगोष्ठी का आयोजन

**मंदसौर, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** व्यक्ति की खुशहाली से ही देश की खुशहाली का आंकलन किया जा सकता है। अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक जब तक शासन की योजना नहीं पहुंचेगी, तब तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का सपना साकार नहीं होगा। झोपड़ी, गांव, गली तक शासन की योजनाओ को पहुंचाने के लिए मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की टीम को हम भूमिका निभानी होगी। उक्त विचार मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा आयोजित पं.दीनदयाल उपाध्यायजी की जयंती पर आयोजीत संगोष्ठी पर वरिष्ठसामाजिक कार्यकर्ता एवं मुख्यवक्ता अनिल कियावत ने व्यक्त किये।

श्री कियावत ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्यायजी के सपने को साकार करने के लिए अंतिम व्यक्ती के लिये अंत्योदय योजना लागू की गई है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, सामाजिक कार्यकर्ता विनय दुबेला ने कहा कि पंडित दीनदयालजी उपाध्याय का जन्म एक सामान्य परिवार में होते हुए भी उन्होंने देश को एक नई दिशा दी है। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के मथुरा में 25 सितंबर 1916 को हुआ है। वह एक साधारण व्यक्तित्व कितने थे। उन्होने हमारे देश को समर्पण की भावना को सिखाएं। इस अवसर पर प्राचार्य शासकीय नर्सिंग कॉलेज बसंती मशीन कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनका जो योगदान है, उन्हे कभी नही भुलाया नहीं जा सकता है। गरीबों के कल्याण के लिए उन्होंने अनेक प्रयास किए हैं। उपप्राचार्य आरती रामावत ने कहा कि पंडित दीनदयालजी ने देश में शिक्षा की एकरूपता को लेकर विशेष कार्य किया है। इस अवसर पर मंच पर जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी, विकासखंड समन्वयक नारायणसिंह निनामा, अर्चना भट्ट विशेष उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। साथ ही नर्सिंग कॉलेज परिसर में स्वच्छता को लेकर गतिविधि कर साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन अर्चना भट्ट द्वारा किया गया। आभार जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी द्वारा माना गया।

# श्री सिद्धी विनायक गरबा मण्डल की कार्यकारिणी गठित

**मंदसौर, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** श्री सिद्धी विनायकगरबा मण्ड्ल संजीत नाका का 32वां नवरात्रि गरबा महोत्सव विशाल पाण्डाल में सनातन संस्कृति के अनुरूप भारतीय परिधान एवं माता रानी के भक्तिगीतों पर आधारित गरबों का आयोजन किया जायेगा।

गरबा मण्डल कोषाध्यक्ष श्री कन्हैयालाल सोनगरा ने बताया कि संजीत नाका लक्ष्मीबाई चौराहा पर विगत 31 वर्षो र्से इस क्षेत्र का सबसे बडा गरबा आयोजित होता है। इस वर्ष नवरात्रि महोत्सव 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक नौ दिवसीय आयोजन नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। गरबा मण्डल के पूर्व अध्यक्ष श्री अर्जुन डाबर को पुन: अध्यक्ष बनाया जाकर कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में संरक्षक श्रवण कुमार त्रिपाठी, रामचन्द्र गुप्ता, हिम्मत डांगी, नाहरसिंह सिसौदिया, सत्यनारायण भांभी, संयोजक राजेश गुर्जर, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा, महासचिव भेरूलाल चौहान, उपाध्यक्ष महेश पंवार, सुरेश शर्मा, मनीष परिहार, संगठन सचिव दिनेश जोशी (बाबा), सचिव अशोक सिंह शक्तावत, सहसचिव सुभाषसिंह चौहान को बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कन्हैयालाल मावर, दीपेश चौरड़िया, हेमन्त सौलंकी, जीतू पाण्डे, प्रकाश प्रजापत, अनिल सेठिया, राजनारायण पाण्डेय, शितलसिंह सौलंकी, ओम सेठिया, सुरेश पतासे वाले, कमलेश सौलंकी, पं. हरिओम जोशी, पं. भंवरलाल पाण्ड्य, ओम जमड़ा, पं. दुर्गाशंकर चतुर्वेदी, सूरज जैसवार, निरंजन रजवानिया को लिया गया है।



# पं. दीनदयालजी की जयंती पर किया माल्यार्पण

**मनासा, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर कारगिल चौराहा पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक श्री माधव मारू ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। इसके साथ ही उन्होंने शासकीय अस्पताल मनासा में जाकर मरीजों का हालचाल जाना और फल वितरण किया।

भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को नई उंचाइयों पर ले जाते हुए आज मनासा में डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत बड़ी संख्या में लोगों को पार्टी का सदस्य बनाया गया। विधायक श्री माधव मारू की सक्रिय भूमिका के चलते इस अभियान में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कई नए सदस्य जोडे। इसके साथ ही, विधायक मारू ने अभियान की सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह सदस्यता अभियान भाजपा की जड़ों को और मजबूत करेगा और पार्टी को हर वर्ग से जोड़ने का माध्यम बनेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मुकेश दांगी, कैलाश पुरोहित अश्विन सोनी, यशवंत सोनी, पंकज पोरवाल, राजू कछावा, किशोर जोलान्या, सहित सभी पार्टी पधाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह अभियान भाजपा के विस्तार और जनसंपर्क को और मजबूत करने में मील का पत्थर साबित हो रहा है, जिससे पार्टी की व्यापक पहुंच सुनिश्चित हो रही है।



## अभद्र भाषा का उपयोग करने वाले हाई स्कूल प्राचार्य...

# शहजाद हुसैन को निलंबित करने की मांग को लेकर ग्रामवासियों ने दिया ज्ञापन

**मंदसौर, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम पंचायत भालोट के सरपंच नानालाल कुमावत के नेतृत्व में ग्रामवासियों ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देकर हाई सेकेंडरी स्कूल भालोट में अभद्र भाषा का उपयोग करने वाले प्रभारी प्राचार्य शहजाद हुसैन निलंबन करने व जांच बिठाकर कार्यवाही करने की मांग की।

ग्रामवासियों द्वारा दिये गये ज्ञापन में कहा कि हाई सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य प्रभारी शहजाद हुसैन द्वारा स्कूल में अभद्र भाषा का उपयोग कर व सभी से अभद्र व्यवहार किया जाता है जिससे स्कूल का माहौल बिगड़ा हुआ है जिससे अतिथि शिक्षक यहां पर कोई भी रूकना नहीं चाहते हैं और संविदा कर्मियों को आए दिन धमकी दी जाती हैं कि तुम हिंदू हो और हिंदू देवी देवताओं के स्टेटस नहीं लगा सकते अगर स्टेटस लगते हो तो स्टेटस का या अपनी स्टोरी का स्क्रीनशॉट बनाकर रख लो जिस दिन भी हमारा अच्छा वक्त आएगा उसे दिन तुम्हें बताएंगे कि हम क्या कर सकते हैं। इस प्रकार के आपके व्यवहार से स्कूल में आक्रोश का माहौल बना हुआ है जिस स्कूल के अन्य शिक्षक सहमे में हुए हैं और डर का माहौल पैदा हो चुका है। अभी 15 अगस्त पर लगे हुए हमारे राष्ट्रीय ध्वज व हमारे गौरव के प्रतिक तिरंगे का अपमान करते हुए प्रभारी प्राचार्य के द्वारा तिरंगे को सह सम्मान के द्वारा उतारा नहीं गया। गांव के लोगों ने ध्वज को झुका देखा तो घ्रीण भावना उत्पन्न हुई सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष कोठारी द्वारा व्हाट्सअप के माध्यम से फ़ोटो भेजे गए व नागरिकों के द्वारा वह सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष कोठारी द्वारा मौके पर जाकर प्राचार्य से जब ग्रामीणों ने बात करी तब जाकर उन्होंने तिरंगे को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व ग्रामीणों के द्वारा उतरवाया गया। ज्ञापन में मांग की कि प्रभारी प्राचार्य के उपर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए व जांच बिठाकर कर उचित कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर राकेश विश्वकर्मा, गोपाल गोयल, हर्ष कोठारी, दिनेश विश्वकर्मा, पुष्कर हेकड़, कालू सुहील, दशरथ सुहील, प्रदीप मेराणा, लक्ष्मण गुर्जर, कन्हैयालाल धनगर, समरथ, राजाराम, कमलेश जैन, रमेश कुमावत, लक्ष्मीनारायण गोयल, शिव राठौर, राजाराम पटेल, दिनेश लाखा, अनोखीलाल, सुखदेव, मुकेश नागदा आदि ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# श्री मनोकामेश्वर बालाजी मंदिर पर धूमधाम से ध्वजा चढ़ाई

**मंदसौर, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** बालाजी मंदिरों पर ध्वजा चढाने का अभियान गति पकडता जा रहा है। सनातन धर्म में ध्वजा का बहुत महत्व है, युवाओं एवं हिन्दू समाज में धर्म जन जागरण के लिए हिंदूवादी भाजपा युवा नेता गौरव अग्रवाल ने गणेश चतुर्थी से बालाजी मंदिरों पर ध्वजा चढाने का अभियान शुरू किया था। हर मंगलवार और शनिवार को बालाजी मंदिरों पर धूमधाम से ध्वजा चढ़ाई जा रही है। बड़ी संख्या में युवा एवं महिलाओं के साथ धर्मप्रेमी जनता इस कार्यक्रम के समय उपस्थित होने लगे हैं। मंगलवार को महाराणा प्रताप बस स्टेंड पर स्थित श्री मनोकामेश्वर बालाजी मंदिर पर धूमधाम से ध्वजा चढ़ाई गई। ध्वजा चढाने के बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। हनुमान चालीसा के पाठ के बाद सभी ने बालाजी की आरती की। शनिवार को कंबल केंद्र के पास उद्योगपति बालाजी मंदिर पर ध्वजा चढाई जाएगी। सभी धर्मप्रेमी जनता से आग्रह किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लें।

# नगर निगम एवं जिला मुख्यालय को संभाग का दर्जा देने की मांग को लेकर गांधी जयंती से शुरुआत



**मंदसौर, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मन्दसौर नगर पालिका परिषद को नगर निगम का दर्जा मिले एवं मन्दसौर जिला मुख्यालय को संभाग का दर्जा मिले इस हेतु शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर द्वारा गांधी जयंती 2 अक्टूबर से गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ जन अभियान की शुरुआत मन्दसौर विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष श्री विपिन जी जैन के मार्गदर्शन में की जाएगी। यह जानकारी देते हुए शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने बताया कि लंबे समय से मन्दसौर नगर पालिका को नगर निगम एवं मन्दसौर जिला मुख्यालय को संभाग बनाने की मांग की जा रही है लेकिन इस दिशा में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा कोई पहल नहीं की गई। डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने बताया कि नगर निगम एवं संभाग का दर्जा मन्दसौर का हक है और यह हक जब तक नहीं मिलेगा लड़ाई निरंतर जारी रहेगी। डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने बताया इस हेतु शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर द्वारा शहर कांग्रेस के 11 मंडलमों में घर घर अभियान चलाकर मुख्यमंत्री मप्र के नाम पत्र, पोस्टकार्ड, ज्ञापन प्रेषित किए जायेंगे। डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने नगर के साथ जिले के नागरिकों से इस अभियान में जुड़ने की अपील की है।



# सोयाबीन उत्पादक किसान समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी हेतु निर्धारित स्थानों पर पंजीयन कराएं-सिसोदिया

**मंदसौर, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व एवं निर्देशों के अंतर्गत मध्य प्रदेश के सोयाबीन उत्पादक किसानों को समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीद किए जाने के निर्णय के अंतर्गत आज 25 सितंबर से 20 अक्टूबर तक निर्धारित स्थानों पर किसानों की सोयाबीन फसल के पंजीयन कराए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय स्वागत योग्य है।



इस आशय की जानकारी देते हुए मंदसौर के पूर्व विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्री यशपाल सिंह सिसौदिया ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार के निर्णय के अंतर्गत सोयाबीन की फसल का समर्थन मूल्य पर खरीदी का कार्य 25 अक्टूबर से होगा। किसानों के हित में समर्थन मूल्य की खरीदी का दाम रुपए 4892 प्रति क्विंटल के हिसाब से होगा, प्रदेश में 1400 केंद्र पर इसकी खरीदी की जाएगी। श्री सिसोदिया ने बताया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदसौर जिले में 3 लाख 32 हज़ार हेक्टेयर क्षेत्र में सोयाबीन किसानों ने बो रखी है। आज से प्रारंभ हो रहे पंजीयन कार्य को लेकर कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग से दूरभाष पर चर्चा करते हुए श्री सिसोदिया ने किसान हित में व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव साझा किए, साथ ही जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रभारी महाप्रबंधक श्री सुनील कुमार को भी समिति स्तर पर पंजीयन को लेकर के किसानों के हित में सुझाव देते हुए किसानों को जागरूक करने एवं इस योजना का लाभ उठाने का पर्याप्त प्रचार- प्रसार, संवाद एवं संपर्क स्थापित करने की बात कही।

## राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता



**मंदसौर, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** होनहार फुटबॉल खिलाडी समीक्षा प्रदीप चौहान ने शुजालपुर में आयोजित शालेय राज्य स्तरीय 17 वर्ष से कम बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग की ओर से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा किया। लीग राउंड में सागर संभाग, जबलपुर संभाग, शहडोल संभाग व भोपाल संभाग से मुकाबले हुए थे सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां आदिवासी विकास निगम की टीम से हार का सामना करना पडा किंतु तृतीय स्थान के मैच में पुन: भोपाल से सामना हुआ इस मुकाबले को पेनाल्टी शूटआउट में जीतकर कांस्य पदक अपने नाम किया है। संयुक्त संचालक उज्जैन द्वारा इस टीम का मैनेजर फुटबाल प्रशिक्षण राकेश श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया था।

# सीखो गणित अभियान का सार्थक क्रियान्वयन करें-कलेक्टर

**मंदसौर, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन सभाकक्ष में मिशन अंकुर की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने सभी अकादमिक सदस्य को आगामी माह में शत प्रतिशत विजिट करने, विद्यालय स्तर पर गुणवत्ता सुधार, जिले में चल रहे सीखो गणित अभियान के सार्थक क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिए। बैठक में प्राथमिक कक्षाओं में चलाए जा रहे बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान मिशन में हो रही गतिविधियों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। प्रभावी बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान शिक्षण प्रक्रियाओं को संचालित कर रहे शिक्षकों को सम्मानित कर एवं प्रमाण- पत्र वितरण किया गया।

# राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 6 खिलाड़ियों का चयन

**मंदसौर, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** जिला वालीबॉल एसोसिएशन के 6 खिलाड़ियों का राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 24 से 27 सितंबर 2024 तक नरसिंहपुर में आयोजित हो रही है, जिसमें मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के खिलाडी मोहित राजपूत, कृष्णा बैरागी, ताहिर खान, प्रार्थना वाघेला, निधि मेड्तवाल, ऋषिका कुंवार का चयन हुआ है यह सभी खिलाड़ी नरसिंहपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जानकारी जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव श्री त्रिभुवन कविश्वर व कोच अभिषेक सेठिया ने दी।

# नपा की पीआईसी बैठक में 459 प्रकरणों को मिली मंजूरी

**मंदसौर, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका की प्रेसिडेंट इन कौंसिल (पी.आई.सी.) की बैठक कल मंगलवार को नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में कुल 459 प्रकरण पी.आई.सी. के सम्मुख रखे गये। जिसमें व्यापक विचार विमर्श के उपरांत सभी 459 प्रकरणों की मंजूरी प्रदान की गई। इन 459 प्रकरणों के मकान, भूखण्ड नामांतरण एवं लीज अवधि के 448 प्रकरण शामिल है। शेष प्रकरण अन्य विषयों के भी शामिल है। इस पीआईसी बैठक में सभापतिगण सत्यनारायण भांभी, निलेष जैन, निर्मला नरेश चंदवानी, कौशल्या बंधवार, दीपमाला रामेश्वर मकवाना, शांति दिनेश फरक्या, रमेश ग्वाला, सीएमओ सुधीर कुमार सिंह सहित नपा की विभिन्न शाखाओं के कर्मचारीगण उपस्थित थे। बैठक के एजेंडे का वाचन पीआईसी लिपिक राजेंद्र नीमा ने किया।


दिनांक 26 सितम्बर 2024

अपनी कुण्डली स्वयं देखे- ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ

क्या आप जानते है..?



✻ यदि आपकी जन्मकुंडली में सूर्य ग्रह कमजोर होकर बैठा हो या फिर अपनी नीच राशि में बैठा हो या शत्रु की राशि में बैठा हो तो निश्चय ही जातक की जन्म कुंडली में पैतृक संपत्ति का अभाव होता है तथा पिता से जातक के अधिकतर विचार नहीं मिलते हैं।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर

7024667840,8085381720


# मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने 25 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

**मंदसौर, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला शाखा इकाई मंदसौर के द्वारा प्रांतीय कार्यकारिणी के आव्हान पर जिलाध्यक्ष श्री पी के झा के नेतृत्व में सुशासन भवन नवीन कलेक्टर कार्यालय मंदसौर उपस्थित होकर 25 सूत्रीय मांगों के निराकरण हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर मंदसौर के प्रतिनिधि अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल को ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में प्रमुख मांगे रखी जिसमें मध्यप्रदेश राज्य में पुरानी पेंशन योजना वरिष्ठता के साथ लागू हो कि जावे। . प्रदेश के अधिकारियों कर्मचारियों की पदोन्नतियां अति शीघ्र प्रारंभ की जावे। प्रदेश के अधिकारियों कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान महंगाई भत्ता देते हुए एरियर्स की राशि का भुगतान किया जावें। प्रदेश के अधिकारियों कर्मचारियों सहित निगम मंडल इत्यादि के अधि/कर्म को गृह भाड़ा भत्ता व अन्य सातवें वेतनमान अनुसार केंद्रीय कर्मचारियों के समान दिये जायें। प्रदेश के अधिकारियों कर्मचारियों एवं पेंशनरों को निगम मंडल इत्यादि में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मंत्री परिषद के आदेश दिनांक 4 अप्रैल 2020 के संदर्भ में किया जावें। मध्य प्रदेश वित्त विभाग पत्र दिनांक 14.08.2023 के द्वारा चतुर्थ समय मान वेतनमान प्रदान करने के आदेश दिए गए थे परंतु शिक्षा विभाग में शिक्षक संवर्ग के सहायक शिक्षक / उच्च श्रेणी शिक्षक को चतुर्थ समय मान प्रदान किया जावे। लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के समयमान वेतनमान दिया जावे एवं लिपिक संवर्ग को उच्च पदभार के आदेश जारी किए जावे। भृत्य का पद नाम परिवर्तित किया जाकर कार्यालय सहायक किया जावे एवं जल संसाधन विभाग के अमीन का पदनाम सिंचाई विस्तार अधिकारी किया जावे। परिवार पेंशन के लिए 33 वर्ष की अर्हता सेवा को कम कर 25 वर्ष किया जावे। ज्ञापन का वाचन जिला सचिव शंभू सिंह सोनगरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर चेतन पाटीदार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, जितेन्द्र चौहान जिला कार्यकारिणी सदस्य, दिलीप पाटीदार जितेन्द्र चौधरी ब्लाक उपाध्यक्ष मंदसौर देवी लाल पटेल गरिमा खराणी मीनाक्षी गिरवाल हरिनारायण पाटीदार इशिका पाटीदार मयंक व्यास कृषि विस्तार अधिकारी रेखा शर्मा जिला उपाध्यक्ष यशवंत पाटीदार तहसील सचिव दलौदा पंकज हुपेले रमेश सांसरी गजेन्द्र फुकवाल तहसील कोषाध्यक्ष दलौदा यूएस. नरवरिया तहसील सचिव सीतामऊ जगदीश कमलवा सीतामऊ महेन्द्र जोशी तहसील अध्यक्ष सुवासरा ब्रजेश कुमार सुमन कोषाध्यक्ष तहसील ब्लाक मंदसौर विवेक सिंह कुशवाह महिला बाल विकास भरत आचार्य ब्लाक अध्यक्ष सीतामऊ डॉक्टर मोहन मुवेल व्ही ए.एस. डॉक्टर पंकज जैन व्ही ए.एस. बसंत राव शिंदे यूआर.पंचोली ए.व्ही एफ ओ सुगन सिगौने श्याम गामड विशाल राज सिंह कृषि विस्तार अधिकारी गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे ज्ञापन में उपस्थित होकर आवश्यक सहयोग प्रदान करने पर सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों के प्रति आभार जितेन्द्र चौहान ने व्यक्त किया गया।




# मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 45 | 2550 | 2640 |
| उडद | 70 | 5058 | 7000 |
| सोयाबीन | 4773 | 4151 | 4921 |
| गैहु | 2887 | 2600 | 3223 |
| चना | 62 | 6500 | 7551 |
| मसुर | 108 | 5401 | 6100 |
| धनिया | 130 | 5140 | 6801 |
| लहसुन | 10500 | 9500 | 27000 |
| मैथी | 600 | 5101 | 5959 |
| अलसी | 1310 | 5800 | 6300 |
| सरसो | 276 | 5710 | 6030 |
| तारामीरा | 7 | 5063 | 5063 |
| इसबगोल | 71 | 10200 | 13800 |
| प्याज | 1883 | 1000 | 4352 |
| कलोंजी | 13 | 16980 | 17800 |
| डॉलर | 5 | 5800 | 13200 |
| तिल्ली | 66 | 10951 | 13240 |
| मटरसुखी | 1 | 4892 | 4892 |
| असालीया | 45 | 11000 | 15150 |

# मंदसौर जिला: संभाग बनने की मांग और राजनीति की उदासीनता

**मंदसौर, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र का प्रमुख जिला मंदसौर अपने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व के कारण राज्य के अन्य जिलों के बीच एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। लेकिन, इसके बावजूद मंदसौर जिले को संभाग बनाने की मांग पिछले कई दशकों से अधूरी ही रह गई है। राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी और राजनेताओं की उदासीनता के कारण यह मांग हमेशा जनता के बीच दबकर रह जाती है। इस विषय पर कई बार आवाज उठी, लेकिन इसके बावजूद किसी भी सरकार ने इस पर ठोस कदम नहीं उठाया।

**नीमच जिले का उदय और मंदसौर का विभाजन**– मंदसौर की प्रशासनिक और भौगोलिक स्थिति को देखते हुए 1998 में नीमच जिले का गठन हुआ। इसके बाद से ही मंदसौर जिले को संभाग बनाने की मांग ने जोर पकड़ा। लेकिन नीमच के गठन के बाद मंदसौर को एक अलग संभाग बनाने की बात सिर्फ चर्चाओं तक सीमित रह गई। हालांकि, नीमच का अपना प्रशासनिक ढांचा खड़ा हो गया, पर मंदसौर का यह सपना आज भी अधूरा है। जब नीमच जिला बना था, तब से ही मंदसौर के नागरिक और विभिन्न सामाजिक संगठन इस बात को लेकर प्रयासरत हैं कि मंदसौर को एक स्वतंत्र संभाग के रूप में मान्यता दी जाए। लेकिन, यह मांग आज तक किसी राजनीतिक मंच पर गंभीरता से नहीं उठाई गई, और न ही इसे सरकारी एजेंडे में स्थान मिल सका।



नेमीचंद राठौर

**राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव**– मंदसौर संभाग बनने की मांग का अब तक पूरा न हो पाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि इस दिशा में राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी रही है। चाहे कांग्रेस की सरकार हो या भारतीय जनता पार्टी की, दोनों ही दलों के सत्ता में रहने के दौरान मंदसौर से कई प्रमुख नेताओं को कैबिनेट में स्थान मिला। बावजूद इसके, संभाग बनाने की यह महत्वपूर्ण मांग कभी कैबिनेट के सामने नहीं आई। यह स्थिति इस बात को उजागर करती है कि स्थानीय नेताओं ने अपने क्षेत्र की जनता की इस महत्वपूर्ण मांग को प्राथमिकता में नहीं रखा। यदि इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाता और इसे सत्ताधारी दल की रणनीतिक योजनाओं में शामिल किया जाता, तो आज मंदसौर जिला संभाग के रूप में स्थापित हो सकता था।

**जनता की आवाज और उसकी उपेक्षा**– मंदसौर को संभाग बनाने की मांग हमेशा जनता के बीच से उठती रही है। यह मांग सिर्फ कुछ लोगों या राजनीतिक दलों की नहीं, बल्कि जिले के अधिकांश नागरिकों की है। सामाजिक संगठनों और नागरिकों के समूहों ने इस दिशा में समय-समय पर आंदोलन भी किए, लेकिन इन आवाजों को कभी किसी ठोस मंच पर स्थान नहीं मिला। लोकतंत्र में जनता की आवाज को महत्व दिया जाना चाहिए, और जनता की यह मांग भी इस बात की ओर इशारा करती है कि मंदसौर की प्रशासनिक आवश्यकताएँ बढ़ रही हैं। लेकिन जब तक इस मांग को कोई उचित प्लेटफार्म नहीं मिलता और इसे सरकार के समक्ष प्रभावी तरीके से प्रस्तुत नहीं किया जाता, तब तक यह मांग सिर्फ एक आकांक्षा बनकर रह जाती है।

**संभाग बनने के फायदे**– मंदसौर को संभाग बनने से कई प्रशासनिक और विकासात्मक फायदे हो सकते हैं। सबसे पहले, संभाग बनने से यहां की प्रशासनिक सुविधाएं बेहतर होंगी। इसके तहत मंदसौर, नीमच और रतलाम जैसे आसपास के जिलों का प्रशासनिक कामकाज सुगमता से संचालित हो सकेगा। यह ना सिर्फ सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में मदद करेगा, बल्कि स्थानीय जनता को भी त्वरित प्रशासनिक सहायता प्राप्त होगी। इसके अलावा, संभाग बनने से यहां के विकास कार्यों में तेजी आएगी। मंदसौर क्षेत्र कृषि, औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है। ऐसे में यदि यह संभाग बनता है तो यहां के विकास के लिए नई योजनाएँ बनाई जा सकती हैं, और साथ ही यहां के उद्योग और व्यापार को भी नई उंचाइयां मिल सकती हैं।

**आगे की राह**– अब एक बार फिर मंदसौर को संभाग बनाने की मांग जोर पकड रही है। आमजन इस मुद्दे को लेकर फिर से सक्रिय हो रहे हैं, और उम्मीद है कि यह मांग इस बार राजनीति के गलियारों तक पहुंचेगी। इस मांग को लेकर अब सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रियता देखी जा रही है, और यह जरूरी है कि इसे सही समय पर सही मंच मिले। सरकार और राजनीतिक दलों को अब यह समझना होगा कि मंदसौर की जनता की यह मांग सिर्फ एक राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि यह उनकी आवश्यकताओं और विकास की दिशा में एक अहम कदम है। मंदसौर को संभाग बनाने से न केवल प्रशासनिक कार्यों में सुगमता आएगी, बल्कि इसके साथ ही इस क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास भी सुनिश्चित हो सकेगा। अंत में, यह कहना उचित होगा कि मंदसौर के नागरिकों की यह मांग पूरी तरह जायज है और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। राजनीतिक दलों और नेताओं को अब इस मुद्दे पर अपनी उदासीनता को त्यागकर जनता की इस मांग को प्राथमिकता देनी चाहिए। यदि समय रहते इस पर ध्यान दिया गया, तो मंदसौर एक नए युग की शुरुआत कर सकता है, जहां इसे एक स्वतंत्र संभाग के रूप में पहचान मिलेगी।

# एमपी में 10 हजार से ज्यादा फार्मासिस्टों की कमी, खाली पोस्ट नहीं भर रहा स्वास्थ्य विभाग

**भोपाल, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मप्र में स्वास्थ्य विभाग के प्रशासकीय 10267 केंद्र संचालित हैं। यहां अभी तक फार्मासिस्टों की भर्ती नहीं हो सकी है, जबकि इन स्वास्थ्य केंद्रों में 126 प्रकार की दवाओं का वितरण और संधारण किया जाता है। वर्तमान में इन उप स्वास्थ्य केंद्रों में गैर-फार्मासिस्टों की मदद ली जा रही है, जो फार्मेसी एक्ट का उल्लंघन है।

बता दें कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के तहत देशभर के उपस्वास्थ्य केंद्रों में आयुष, नर्सिंग के साथ फार्मासिस्ट भी कम्युनिटी हेल्थ आफिसर पद के लिए योग्य हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मप्र द्वारा फार्मासिस्टों को नजरअंदाज किया जा रहा है। दरअसल, देश में संचालित चिकित्सा प्रणाली मुख्यत: एलोपैथी पर आधारित है, जिसके तहत एमबीबीएस व एमएस/एमडी डिग्रीधारी चिकित्सक इस पद्धति से उपचार करते हैं। एलोपैथी पद्धति में एमबीबीएस, एमएस डिग्रीधारी चिकित्सक के बाद फार्मासिस्ट ही मरीजों एवं बीमारियों से संबंधित जानकारी के सबसे नजदीक हैं। फार्मासिस्ट अपने बी फार्मेसी एवं एम फार्मेसी कोर्स के दौरान इसका अध्ययन भी करते हैं। बी फार्मेसी चार वर्षीय पाठ्यक्रम में थ्योरी एवं प्रेक्टिकल मिलाकर कुल 75 विषयों के तहत एलोपैथी पद्धति विशेषत: बीमारी एवं उसके उपचार से संबंधित अध्ययन किया जाता है, बावजूद इसके फार्मासिस्टों को कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के पद के लिए योग्य नहीं समझा जा रहा।

**काउंसिल बना दलालों का अड्डा**– फार्मासिस्ट ने बताया है कि मप्र फार्मेसी काउंसिल में निरंतर अनियमितताएं पाई जा रही हैं। इसमें खासतौर पर पंजीकृत फार्मासिस्टों के रिनुअल, नए पंजीयन, एनओसी और पंजीयन के लिए प्रोफाइल क्रिएशन में समस्या होती है, जिससे हजारों फार्मासिस्ट परेशान होते हैं। फार्मासिस्टों का आरोप है कि काउंसिल में बिना लेने-देन कोई काम नहीं होता है, यह दलालों का अड्डा है। काउंसिल परिसर में दलाल सक्रिय हैं। जो फार्मासिस्ट रिश्वत नहीं देते हैं, उनके काम रोक दिए जाते हैं।

**जनता के साथ खिलवाड़**– स्वास्थ्य विभाग के 10267 उप स्वास्थ्य केंद्रों में फार्मासिस्ट के पद को स्वीकृत नहीं किया गया है। जिसके चलते दवाओं का वितरण, संधारण जैसे कार्य गैर फार्मासिस्ट से कराया जा रहा है। इससे प्रदेश की जनता के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

**राजन नायर, प्रदेश संयोजक, स्टेट फार्मासिस्ट एसोसिएशन, मप्र**

# जिला स्तरीय रोजगार मेला गरोठ में 251 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन



**मंदसौर, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** जिला स्तरीय रोजगार मेला गरोठ में आयाजित हुआ। मेले में कुल 311 युवाओं का पंजीयन किया जाकर 251 युवाओं का प्राथमिक चयन किया गया। इस मेले का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय एवं मध्यप्रदेश डे -राज्य आजीविका मिशन जिला पंचायत द्वारा आयोजन किया गया। मेले में 6 कंपनियां जिसमें गैल इंस्टीट्यूट ऑफ स्कील गुना इन्दौर, जस्ट डायल मुबंई, चेकमेट सर्विस प्रा.लि. वडोदरा, एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस, स्वतंत्र माईक्रोफाइनेंस बासंवाडा राजस्थान, मारूति सुजुकी अहमदाबाद गुजरात, पगारिया ग्लोबल मार्केटिंग प्रा.लि. रतलाम, राजस्थान टेक्सटाईल कम्पनी भवानीमंडी उपस्थित हुई श्री इस दौरान गरोठ विधायक श्री चन्दरसिंह सिसौदिया, स्थानिय जनप्रतिनिधि एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

विधायक श्री सिसोदिया ने कहा कि विकास के लिए सरकार करोड़ो खर्च कर रही है। लक्ष्य पाने के लिए लगातार प्रयास करने चाहिए। रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार मिलेगा, लेकिन युवाओं को स्वयं रोजगार देने वाला बनना चाहिए। मुम्बई, गुजरात, इंदौर, गुड़गांव जैसे कई स्थानों से रोजगार के लिए कंपनियां इस रोजगार मेले में आई हैं। इसका सभी युवा लाभ उठाएं।

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**मंदसौर, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** एम पी फार्मासिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में फार्मासिस्टों के द्वारा विश्व फार्मासिस्ट दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।

25 सितंबर 1912 को इंटरनेशनल फार्मास्यूटिकल फेडरेशन की स्थापना इस्तांबुल तुर्की में की गई थी। यह दिन स्वास्थ को बेहतर बनाने में फार्मासिस्ट की भूमिका के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। संगठन के पदाधिकारी प्रदेश सचिव श्री मिश्रा जी के नेतृत्व में जिले के औषधि निरीक्षक जय प्रकाश जी से मिले और उन्हें बधाइयां दी साथ ही कई विषयों पर चर्चा भी की गई। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों द्वारा मंदसौर जिले के गांधी चौराहे पर बी आर नाहटा फार्मेसी कॉलेज के डायरेक्टर रूपेश सोनी सर एवं सीनियर जूनियर फार्मासिस्ट जनों का सम्मान किया गया और बधाइयां दी गई। संगठन के जिला संरक्षक आशीष जी मंडलोई ने कहा कि फार्मेसी की पढ़ाई करने वाले हमारे फार्मासिस्ट साथियों ने देश ही नही विदेशो में भी काम करते हुए देश का नाम रोशन किया है। इस क्षेत्र में बहुत अपार संभावनाएं हैं जिनके माध्यम से फार्मासिस्ट तरक्की कर सकते हैं। उपरोक्त जानकारी एम पी फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजवीर त्यागी जी ने दी।

# स्मैक, अफीम, गांजा, शराब जैसे नशीले पदार्थों के दल-दल में फंसते जा रहे युवा, जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और प्रशासन मौन

**सुवासरा, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के युवा स्मेक, अफीम, गांजा और चरस जैसे नशीले पदार्थ के सेवन के जाल में फसते जा रहे हैं। 20 से 30 वर्ष की उम्र के कई युवा नशे के आदी होते जा रहे हैं। और इसकी वजह उन्हें बड़ी आसानी से नगर और आसपास ग्रामीण क्षेत्र से नशे में सेवन होने वाले नशीले पदार्थ मिल रहे है। नगर और आसपास ग्रामीण क्षेत्र से कई युवाओं ने डॉक्टर इंजीनियर और राजनीति में क्षेत्र का नाम रोशन किया है लेकिन अब युवा नशे की लत की ओर बढ़ रहे हैं। जो आने वाले समय में क्षेत्र के लिए बहुत हानिकारक साबित होंगे। प्रशासन की उदासीनता के कारण नशे का कारोबार भी फल फूल रहा है। यदि समय रहते नशे के सौदागरो और नशा करने वाले युवाओं पर नकेल नहीं डाली गई तो आने वाले समय में सुवासरा का नाम मादक पदार्थ में लिया जाएगा। इसके साथ ही नगर के चारो ओर शराब परोसने का काम भी सरेआम किया जा रहा है। शराब ठेके का एक लाइसेंस है। लेकिन मोहल्ले मोहल्ले शराब की बिक्री हो रही है। और प्रशासन की नाक के नीचे ये सब खेल हो रहे है। लेकिन लक्ष्मी कृपा के चलते प्रशासन आराम की नींद सो रहा है। जनता भी इस महोल से अब त्रस्त हो चुकी है।विधायक के गृहनगर में युवा नशे की जद में है। इसके चलते नगर के कुछ जागरूक लोगो ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को भी इस माहौल से अवगत कराया। अब देखते है प्रशासन पर इसका क्या असर होता है।

वहीं नगर में चोरियों की वारदात भी बढ़ती जा रही है। ताजा मामला बीती रात मंगलवार का है बालागंज मोहल्ला निवासी शांतिलाल लक्षकार का चार पहिया वाहन सेंट्रो कार को चोर ले गए। इससे एक दिन पहले नया बस स्टैंड के समीप एक खेत मे मौजूद एयरटेल टॉवर से अज्ञात चोरों ने 2 लाख कीमत के लगभग समान चुरा लिया। आये दिन नगर में किसी की बाइक तो किसी की पानी की मोटर की भी चोरियां हो रही है। और अभी तक किसी भी मामले में पुलिस को कोई सफलता नही मिल पाई है। और छोटी छोटी चोरियों में नशे में लिप्त युवाओ को भी नजरअंदाज नही किया जा सकता है। नगरवासियो को भी शासन और प्रशासन से ठोस और बड़ी कार्यवाही की उम्मीद है। थाना प्रभारी से जब चोरी के बारे में पूछा गया तो वे एक मामले में अनभिज्ञ हो गए। और दूसरे मामले में कुछ बोल नही पाए।

वहीं थाना प्रभारी कमलेश प्रजापति का कहना है हमने नशे के कारोबार के खिलाफ आज ही एक ठोस कार्यवाही की है। और आगे जैसे भी हमे कोई जानकारी मिलती है हम अपराधियो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करेंगे।

# भोपाल में तैयार हो रही बुजुर्गों की हेल्थ डायरेक्टरी, प्रदेशभर में होगी लागू

**भोपाल, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मप्र स्वास्थ्य विभाग राजधानी भोपाल समेत प्रदेशभर के बुजुर्गों की सेहत का ख्याल रखने के लिए एक खाका तैयार कर रहा है। इससे पता चलेगा कि प्रदेशभर में कितने बुजुर्ग हैं, उनको कौन- कौन सी बीमारियां ज्यादा होती हैं और किन-किन परेशानियों का सामना करना पड़ता है आदि जानकारी मिल सकेगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग बुजुर्गों की हेल्थ डायरेक्टरी बना रहा है। इसमें बुजुर्गों की सेहत से जुड़ी सारी जानकारी होंगी।

**भोपाल से शुरुआत**–इस पहल की शुरुआत भोपाल के पंचशील नगर स्थित आरोग्यशाला से की गई है। इसके बाद इसे पूरे प्रदेशभर में शुरू किया जाएगा। दरअसल, वृद्धावस्था में व्यक्ति सामान्य रूप से कई बीमारियों से घिर जाता है। इसके अलावा, वृद्धाश्रमों में अधिकतर बुजुर्गों के उपचार की स्थाई सुविधा नहीं है। कई बार विशेषज्ञ इलाज के अभाव में इनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ जाती है। ऐसे में इस डायरेक्टरी के माध्यम से बुजुर्गों की सारी जानकारी विभाग के पास रहेगी। बतादें कि केंद्र सरकार ने भी घोषणा की थी कि 70 से अधिक उम्र के वृद्धजनों को आयुष्मान योजना के तहत कवर किया जाएगा।

**पता चलेगा बीमारियों का पैटर्न**– इस डायरेक्टरी से माध्यम से पता चलेगा कि बुजुर्गों में होने वाली बीमारियों का पैटर्न क्या है ? बुजुर्ग जहां रहते हैं वहां किस प्रकार का संक्रमण होता है। उन्हें किस तरह की दिक्कतें ज्यादा होती हैं। इसके ही आधार पर प्रदेशभर के अस्पतालों के जिरियाट्रिक वार्ड में बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्थाएं की जा सकेंगी।

**मप्र में आठ प्रतिशत बुजुर्गों की आबादी**–जनगणना 2011 के मुताबिक मध्यप्रदेश में 60 वर्ष से अधिक उम्र वाली आबादी लगभग आठ प्रतिशत थी। यानी प्रदेशभर में बुजुर्गों की संख्या 57 लाख थी। यह देश में बुजुर्गों की आबादी का 8.6 प्रतिशत रहीं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों के स्वास्थ्य की स्थिति जानने के लिए वृद्धजन हेड काउंट सर्वे करवाया कर जा रहा है। इससे पहले ओल्ड एज होम में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में दो सौ से अधिक वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण, जांच एवं उपचार किया गया था। इसकी शुरुआत भोपाल से की जा रही है।

**डा. प्रभाकर तिवारी, सीएमएचओ, भोपाल**

## विश्व पर्यटन दिवस पर कल आयोजित होगी मंदसौर हंट प्रतियोगिता

**मंदसौर, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा खेल युवा कल्याण विभाग के नेतृत्व में मंदसौर विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर मंदसौर हंट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है यह प्रतियोगिता दिनांक 27 सितंबर 2024 को प्रात: 07:00 बजे तेलिया तालाब मंदसौर से प्रारंभ होगी एवं समापन नूतन स्टेडियम में होगा। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी की आयु 15 वर्ष से अधिक होना चाहिए प्रतिभागी साइकिल लेकर साथ में आएंगे एक टीम में दो सदस्य प्रतिभागी होंगे दिए गए न्यूनतम समय में अधिकतम स्पॉट पर खोजकर समापन स्थल पर पहुंचने वाली टीम विजेता होगी विजेताओं को जिला प्रशासन द्वारा आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे।

## तहसीलदार मनासा ने रास्ता विवाद का आपसी सहमति से निराकरण करवाया

**मनासा, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार तहसीलदार मनासा द्वारा रास्ता विवाद के ग्राम पिपलोन के एक प्रकरण में बुधवार को मौका निरीक्षण कर, दोनो पक्षकारों का आपसी सहमति से विवाद का निराकरण करवाकर, रास्ता खुलवा दिया हैं। तहसीलदार मनासा श्री बी.के.मकवाना ने बताया, कि तहसील न्यायालय मनासा के प्रकरण क्रमांक 11/अ-13-2024-25 में आवेदक राजू, जगदीश धनगर पिता गंगाराम एवं अनावेदक मदन, घनश्याम पिता हीरालाल के मध्य- रास्ता विवाद चला आ रहा था। प्रकरण में विवादित रास्ता स्थल का तहसीलदार ने मौका मुआयना कर, दोनो पक्षकारों को समझाईश देकर, आपसी सहमति से रास्ता विवाद का निराकरण करवाकर रास्ता खुलवा दिया हैं।

## शादी का झांसा देकर किया 5 साल तक दुष्कर्म, कोर्ट ने भेजा जैल

**पिपलियामंडी, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** शादी का झांसा देकर 5 वर्ष से युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसे कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए। पिपलियामंडी निवासी युवती ने पुलिस थाने पर शिकायत दर्ज कराई की गायत्री नगर निवासी भूपेन्द्र पिता बद्रीलाल चोधरी ने शादी का झांसा देकर पांच वर्ष दुष्कर्म करता रहा और बाद में शादी करने से इंकार कर दिया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। जिसे बुधवार को कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए।



## सरकार ने हमेशा हर वर्ग के बारे में सोचा है-देवड़ा

### उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत शपथ दिलवाई

**मंदसौर, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह एवं स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत जनपद पंचायत मल्हारगढ़ सभागृह में शपथ दिलाई। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि सरकार ने हमेशा हर वर्ग के बारे में सोचा है। सरकार ने अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई है, जिससे आज सभी को लाभ मिल रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा द्वारा स्वदेशी खिलौने बनाने वाली महिलाओं की तारीफ कर पुरस्कृत किया। पोषण प्रदर्शनी में व्यंजन का अवलोकन किया। एक पौधा मां के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री राजेश कुमार जैन, एसडीम श्री रविंद्र परमार, नोडल अधिकारी श्री जेके जैन, जनप्रतिनिधि, जिला अधिकारी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, महिलाएं बच्चें उपस्थित थे।

## मनासा एसडीएम ने दिलीप बिल्डकॉन पर किया जुर्माना

**मनासा, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** कुकड़ेश्वर रामपुरा में दिलीप बिल्डकॉन कंपनी के द्वारा रोड के समीप पेयजल पाइपलाइन का कार्य किया गया, जिसमें बिना अनुमति के वृक्ष काटे एवं गिराय जाने पर तहसीलदार मनासा, कुकड़ेश्वर एवं रामपुरा के प्रतिवेदन के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी मनासा न्यायालय के द्वारा भू राजस्व संहिता की धारा 240 एवं 253 में तीन अलग-अलग प्रकरणों में कुल 9 लाख 50 हज़ार का जुर्माना किया गया।

# हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया



**मनासा, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** रामद्वारा मनासा में मंगलवार की रात्रि में चातुर्मास में विराजित संत चेतन राम जी के सानिध्य में 'हनुमान चालीसा'का सामूहिक पाठ किया गया जिसमे बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी जनता ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर चेतन राम जी ने हनुमान चालीसा के सामुहिक वचन करने का महत्व बतलाते हुवे कहा की हनुमान जी का वंदन जीवन में सनातन हिंदूधर्म को मजबूत करने का कार्य करता है।

नगर में पहली बार राम स्नेही संत श्री चेतनराम जी के सानिध्य में विशाल स्तर पर हनुमान चालीसा का सामूहिक से स्वर पाठ किया गया।इस अवसर पर रामजी महाराज ने हिंदू समाज को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देकर कहा की आज जो देश में हम परिदृश्य देख रहे हे इस परिस्थिति में हमारे सनातन को मजबूत होना जरूरी है हमे उंच्च नीच के भेद भाव को छोड़ना पड़ेगा। आप ने कहा की हम हमारी पहचान खोते जा रहे हे हमे अपनी पहचान बनाए रखना ही तो माथे पर तिलक,हाथ में मोली सिर पर चोटी रखना ही हे हिंदू धर्म हमे नम्रता रखना सिखाता है किंतु कोई हमारे धर्म पर हमारे संस्कार पर हमला कर तो हमारा धर्म उसका सर्वनाश भी करना सिखाता है। आपने हनुमान के नाम की सुंदर व्याख्या करते हुवे उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने व उनके संस्कार को जीवन में उतार लेने की बात भी कही। नगर में पहली बार आयोजित हनुमान चालीसा के इस बडे आयोजन में नगर की धर्म प्रेमी जनता ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुवे हनुमान चालीसा का मन से पाठ किया। कार्यक्रम के पूर्व नगर के भजन गायक विरेंद पाराशर भंवरलाल प्रजापति,राज कुमार मारू, कमलेश विजयवर्गीय ने अपने भजन,लावडी से सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी उनके साथ तबले पर मनीष उदयपुर वाले ने अपने हुनर की छाप छोड़ी। आने वाले मंगलवार को हनुमान चालीसा का आयोजन युवा संत चेतन रामजी के सानिध्य में कृषि उपज मंडी स्थित मन भावन हनुमान मंदिर पर रखा गया है।

# पं. उपाध्याय जी की जयंती पर भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

**मंदसौर, 25 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एंव संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के मार्गदर्शन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया के नेतृत्व में जिले के समस्त मंडलों के समस्त बूथों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती मना कर वृहद स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिले से बूथ सदस्यता प्रभारी भेजे गए।

प्रदेशव्यापी अभियान अंतर्गत प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मल्हारगढ विधानसभा में पहुंचकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम में सहभागिता की और आम जनता जनार्दन के मध्य जाकर जनता को भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा से अवगत कराया और कई नागरिकों को भाजपा की सदस्यता दिलवाई। इस अवसर भाजपा जिला महामंत्री राजेश दीक्षित सहित भाजपा मंडल अध्यक्षगण, पदाधिकारीगण साथ रहें। लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता ने जिला मुख्यालय मंदसौर पर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सदस्यता अभियान में सहभागिता की। इस अवसर पिछडा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ.सुषमा आर्य, प्रितेश चावला, राजेश नामदेव, राजु चावला, राजकुमार गुप्ता, नरेश चंदवानी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, नपा अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, अजय आसेरी, नपा उपाध्यक्ष नम्रता चावला सहित मंडल/मोर्चा/प्रकोष्ठ पदाधिकारीगण, पार्षदगण, कार्यकर्ता गण उपस्थित थे। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने सुवासरा विधानसभा में विधायक हरदीप सिंह डग के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती मनाई और सुवासरा-विधानसभा क्षेत्र के शामगढ एवं सुवासरा नगर में आमजन से भेंट कर ऑनलाइन सदस्यता करवाई। इस अवसर पर मंडल पदाधिकारीगण उपस्थित रहें। इसी प्रकार गरोठ विधायक चंदर सिंह सिसोदिया ने अपनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोलिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई। इस अवसर पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित थे। इस प्रकार पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रलायता में भाजपा मंडल अध्यक्ष ईश्वर



सिंह पंवार के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती मना कर ग्राम वासियों को भाजपा की सदस्यता दिलाई और सभी का पार्टी परिवार में अभिनंदन किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

## कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक मंदसौर, दिनांक

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 एमएफ 3928 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में भगवतशरण गुप्ता पिता धरमवीर गुप्ता, कर्मचारी कालोनी, मंदसौर, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु दिनांक 04.01.2024 को हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती रेणु गुप्ता पति भगवतशरण गुप्ता, निवासी कर्मचारी कालोनी, मंदसौर, जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in